Alberta

समाचार विज्ञप्ति

सभी 12+ एल्बर्टावासी COVID-19 टीकाकरण के लिए पात्र

05 मई 2021

शीघ्र ही 12 वर्ष की आयु से अधिक सभी एल्बर्टावासी स्वयं को सुरक्षित रखने तथा बढ़त को रोकने के प्रयोजन से COVID-19 टीकाकरण के लिए पात्र हो जाएँगे।

सर्वाधिक गंभीर परिणामों के खतरे वाले एल्बर्टावासियों को टीके प्रस्तुत करने के बाद अब एल्बर्टा चरण 3 में पहुँच गया है, जिसके तहत 12 वर्ष की आयु से अधिक सभी व्यक्ति अपनी पहली खुराक प्राप्त करने के लिए एपॉइंटमेंट बुक कर सकते हैं।

इस विस्तार के साथ 3.8 मिलियन एल्बर्टावासी COVID-19 के टीके के लिए पात्र हो जाएँगे।

बुकिंग प्रणालियों पर अत्यधिक कार्यभार बढ़ने से बचने के लिए एपॉइंटमेंटों को आयु वर्गों के अनुसार दो समूहों में बांटा जाएगा।

- 6 मई से शुरू करके 30 वर्ष या इससे अधिक आयु का प्रत्येक एल्बर्टावासी (जिसका जन्म 1991 या इससे पहले हुआ था), एल्बर्टा स्वास्थ्य सेवाओं (Alberta Health Services) या किसी प्रतिभागी फार्मेसी के साथ एपॉइंटमेंट की बुकिंग कर सकता है।
- 10 मई से 12 से 29 वर्ष की आयु वाले एल्बर्टावासियों को शामिल करने के लिए (जिनका जन्म 2009 से 1992 के बीच हुआ है) एपॉइंटमेंट बुकिंग का विस्तार किया जाएगा।

अभी तक पूरे प्रांत-भर में टीकों की 1.66 मिलियन से भी अधिक खुराकें प्रशासित की गई हैं। टीकाकरण के सभी एपॉइंटमेंट एल्बर्टा में आने वाली आपूर्तियों पर निर्भर करना जारी रहेंगे।

एक mRNA टीका प्राप्त करने के लिए सभी पात्र एल्बर्टावासी एएचएस (AHS) के साथ ऑनलाइन या 811 के माध्यम से एपॉइंटमेंट की बुकिंग करने में सक्षम होंगे।

एल्बर्टावासी प्रतिभागी फार्मेसियों के माध्यम से भी इन टीकों के लिए एपॉइंटमेंट की बुकिंग कर सकते हैं। यथाशीघ्र बुकिंग तिथि की उपलब्धता वाले अपने निकटतम स्थान की खोज करने के लिए एल्बर्टा ब्लू क्रॉस पर दी गई सूची देखें।

एल्बर्टा सरकार COVID-19 महामारी की प्रतिक्रिया में वक्र को मोड़ने, छोटे व्यवसायों को कार्यरत बनाए रखने और एल्बर्टा की स्वास्थ्य-देखभाल प्रणाली की सुरक्षा के लिए सटीक उपायों के माध्यम से जीवन और लोगों की आजीविकाओं की रक्षा कर रही है।

संबंधित जानकारी

- अपने COVID-19 टीकाकरण के लिए एपॉइंटमेंट की बुकिंग करें

मीडिया पूछताछ

टॉम मैकमिलन
780-422-4905
सहायक संचार निदेश, स्वास्थ्य (Assistant Director of Communications, Health)

और अधिक सरकारी अनुवादित संसाधनों के लिए कृपया यहाँ जाएँ: https://www.alberta.ca/covid-19-translated-resources.aspx।